प्रदेश में खुलेंगे 7 जनजाति आवासीय विद्यालय

चर्चा में क्यों?

12 जुलाई, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के जनजाति क्षेत्र के विद्यार्थियों को उनके नज़दीक ही आवासीय विद्यालयों में पढ़ने का अवसर देने के लिये तथा जनजाति क्षेत्रों के शैक्षिक उत्थान के लिये 7 आवासीय विद्यालय खोलने का महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिनके भवन निर्माण के लिये 35 करोड़ रुपए की वित्तीय मंज़ूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- इस वर्ष प्रथम चरण में प्रति विद्यालय 5 करोड़ रुपए व्यय होंगे। आगामी वर्ष में द्वितीय चरण के तहत इनके निर्माण कार्य पर 71 करोड़ रुपए व्यय होंगे।
- आवासीय विद्यालय राज्य के पाली के सुमेरपुर, सवाई माधोपुर, भेड़ोली-बौली (सवाई माधोपुर), अजमेर के केकड़ी स्थित गिरिवरा, जालोर, डूंगरपुर के चिखिली, टोंक के देवली स्थित श्रीपुरा में खोले जाएंगे।
- इन सभी आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थी क्षमता 210 होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/7-tribal-residential-schools-will-open-in-the-state